## प्रादेशिक समाचार
## दिनांक – 17.12.2025 (संध्या–1900 बजे)

## मुख्य समाचार

1. **विकसित भारत–जी राम जी विधेयक लोकसभा में पेश किये जाने से झारखंड में खासा उत्साह, पंचायत प्रतिनिधियों और मजदूरों ने केन्द्र सरकार के प्रति जताया आभार।**
2. **झारखंड हाईकोर्ट ने मुख्यमंत्री और उनके परिवार पर की गई कथित टिप्पणी से जुड़े मामले में नेता प्रतिपक्ष बाबूलाल मरांडी को मिली राहत बरकरार रखी, सरकार से मांगा जवाब।**
3. **राज्य के विभिन्न जिलों में धान खरीदी जोरों पर, मंत्री दीपक बिरुआ ने चाईबासा लैम्पस परिसर में योजना का किया आगाज, बोले–अनियमितता पर होगी कार्रवाई।**
4. **ऑपरेशन सिंदूर पर रांची के विद्यार्थियों की पेंटिंग की दिल्ली में धमक, रक्षामंत्री ने वीर रंग ऑपरेशन सिंदूर कला प्रदर्शनी का किया उद्घाटन, संजय सेठ भी रहे मौजूद।**
5. **स्टेट एंड इंटर–डिस्ट्रिक्ट टेबल टेनिस चैंपियनशिप का समापन, पूर्वी सिंहभूम की अर्चिता डे और सानिया बनर्जी, हजारीबाग के अर्नव अग्रवाल और रामगढ़ के शिवाजी रॉय ने जीता खिताब।**

****************

केन्द्र सरकार द्वारा संसद में पेश विकसित भारत–रोजगार एवं आजीविका मिशन ग्रामीण विधेयक–2025 को लेकर झारखंड में मजदूरों से लेकर पंचायत प्रतिनिधियों में खासा उत्साह है। राजधानी रांची के लोगों ने कहा है कि केन्द्र सरकार का यह कदम मजदूरों के व्यापक हित में है।

उधर, उपराजधानी दुमका की घाट रसिकपुर पंचायत की मुखिया प्रशिला हांसदा ने इसके लिए केन्द्र सरकार के प्रति आभार जताया है।

इधर, गिरिडीह से भी विकसित भारत–रोजगार एवं आजीविका मिशन ग्रामीण विधेयक को लेकर साकारात्मक प्रतिक्रिया सामने आयी है। इसमें मजदूरों को सौ दिनों की जगह एक सौ पच्चीस दिनों तक रोजगार की गारंटी देने की व्यवस्था की गयी है। इसे लेकर मजदूरों में उत्साह है।

गिरिडीह एक्सिस बैंक के मैनेजर रीतेश झा ने इसे क्रांतिकारी कदम बताते हुए कह कि इससे विकसित ग्रामीण भारत को बल मिलेगा।

****************

मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन और उनके परिवार पर की गई कथित टिप्पणी से जुड़े मामले में झारखंड हाईकोर्ट ने नेता प्रतिपक्ष बाबूलाल मरांडी को मिली राहत को बरकरार रखा है। जस्टिस ए.के. चौधरी की अदालत ने इस मामले में राज्य सरकार को अपना जवाब दाखिल करने का निर्देश दिया है। अदालत ने सुनवाई के बाद बाबूलाल मरांडी के खिलाफ किसी भी तरह की पीड़क कार्रवाई पर लगी रोक को जारी रखने का आदेश दिया।

****************

प्रदेश कांग्रेस के सैकड़ों कार्यकर्ताओं ने आज भाजपा प्रदेश कार्यालय का घेराव किया। प्रदेश अध्यक्ष केशव महतो कमलेश के नेतृत्व में कांग्रेस कार्यकर्ता हरमू मैदान से विरोध मार्च करते हुए भाजपा कार्यालय तक पहुंचे। इस दौरान कार्यकर्ताओं ने जमकर नारेबाजी की। यह विरोध मार्च नेशनल हेराल्ड मनी लॉन्ड्रिंग मामले में राउज एवेन्यू कोर्ट के फैसले के बाद निकाला गया। कांग्रेस के प्रदेश अध्यक्ष केशव महतो कमलेश ने कहा कि यह फैसला सत्य की जीत है।

****************

राज्य के विभिन्न हिस्सों में एमएसपी पर किसानों से धान की खरीदारी जोरों पर है। इस काम के लिए राज्यभर में 700 से अधिक केंद्र बनाए गए हैं। मंत्री दीपक बिरुआ ने चाईबासा लैम्पस परिसर में ऐसे ही एक धान अधिप्राप्ति केंद्र का उद्‌घाटन किया। इस दौरान उन्होंने किसान कल्याण की प्रतिबद्धता दोहराते हुए कहा कि धान खरीदारी में अनियमितता पर कार्रवाई की जाएगी।

****************

झारखंड विधानसभा की पर्यावरण एवं प्रदूषण नियंत्रण समिति ने देवघर में एक महत्वपूर्ण बैठक की। समिति के सभापति और सारठ विधायक उदय शंकर सिंह की अध्यक्षता में आयोजित बैठक में संबंधित विभागों के कार्यों की समीक्षा की गयी। समीक्षा के क्रम में विभिन्न औद्योगिक इकाइयों में पर्यावरण एवं प्रदूषण नियंत्रण को लेकर तय मानकों का शतप्रतिशत अनुपालन सुनिश्चित करने का निर्देश दिया।

****************

धनबाद समाहरणालय स्थित पुलिस मुख्यालय सभागार में आज बोकारो जोन के पुलिस महानिरीक्षक सुनील भास्कर की अध्यक्षता में कानून व्यवस्था को लेकर सातों जिलों धनबाद, बोकारो, गिरिडीह, रामगढ़, कोडरमा, हजारीबाग और चतरा के पुलिस अधीक्षकों के साथ समीक्षा बैठक की गई। बैठक के बाद पुलिस महानिरीक्षक सुनील भास्कर ने बताया कि संगठित अपराध से जुड़े सदस्यों की संपत्ति जब्त की जाएगी।

****************

हजारीबाग पुलिस ने संगठित अपराध के खिलाफ बड़ी सफलता हासिल करते हुए कुख्यात पांडेय गिरोह के सात अपराधियों को गिरफ्तार किया है। यह कार्रवाई पुलिस अधीक्षक हजारीबाग को मिली गुप्त सूचना के आधार पर की गई। तलाशी के दौरान आरोपियों के पास से एक देसी कट्टा, एक देसी पिस्टल, चार जिंदा कारतूस तथा सात मोबाइल फोन बरामद किए गए। पुलिस के अनुसार ये सभी अपराधी, गिरोह के सक्रिय सदस्य हैं और इनके विरुद्ध पूर्व में भी कई आपराधिक मामले दर्ज हैं। उधर, जामताड़ा जिले में पुलिस ने चार साइबर अपराधियों को भी गिरफ्तार किया है।

****************

ऑपरेशन सिंदूर पर रांची के विद्यार्थियों की चित्रकारी की प्रदर्शनी दिल्ली स्थित रक्षा राज्यमंत्री संजय सेठ के आवास पर लगाई गई है। इस प्रदर्शनी का रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह ने आज उदघाटन किया। मौके पर रक्षा राज्यमंत्री संजय सेठ, भाजपा के प्रदेश अध्यक्ष बाबूलाल मरांडी और आजसू पार्टी के प्रमुख सुदेश महतो समेत कई गणमान्य लोग मौजूद थे। अतिथियों ने इस वीर रंग ऑपरेशन सिंदूर कला प्रदर्शनी की भरपूर प्रशंसा की।

****************

राज्य में ठंड का असर लगातार बढ़ता जा रहा है। रांची, डालटनगंज, बोकारो, खूंटी, लोहरदगा और लातेहार जिलों में न्यूनतम तापमान 10 डिग्री सेल्सियस से नीचे चला गया है, जिससे ठिठुरन बढ़ गई है। मौसम विभाग के अनुसार, अगले पांच दिनों तक न्यूनतम तापमान में किसी बड़े बदलाव की संभावना नहीं है।

****************

झारखंड स्टेट एंड इंटर–डिस्ट्रिक्ट टेबल टेनिस चैंपियनशिप के विभिन्न वर्गों के मुकाबले संपन्न हो गए। अंडर–17 गर्ल्स सिंगल्स फाइनल में ईस्ट सिंहभूम की अर्चिता डे ने गढ़वा की अंजली कुमारी को,अंडर–17 बॉयज सिंगल्स में हजारीबाग के अर्नव अग्रवाल ने ईस्ट सिंहभूम के सौमिल महतो को, महिला सिंगल्स वर्ग में ईस्ट सिंहभूम की सानिया बनर्जी ने धनबाद की सृजनी चटर्जी को और पुरुष सिंगल्स वर्ग में रामगढ़ के शिवाजी रॉय ने सतरुंजय चक्रवर्ती को  हराकर खिताब अपने नाम कर लिया।

****************

रांची विश्वविद्यालय के अंतर्गत स्कूल ऑफ योग विभाग का आठवां स्थापना दिवस मनाया गया। इस अवसर पर विभाग के निदेशक डॉक्टर सुनील कुमार ने विभाग की आरंभिक यात्रा से अभी तक की उपलब्धियां का जिक्र किया। इस अवसर पर जिला स्तरीय युवा महोत्सव प्रतियोगिता में विजयी छात्रों को सर्टिफिकेट भी प्रदान किये गये।

*****************